सोमवार 10 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



एसडीपीओ की सूझबूझ से टला बड़ा मामला, दोनों पक्षों को कराया शांत

3








## देश के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों का दौरा करें अधिकारी : सत्येन्द्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में समान नागरिक संहिता को लेकर दिए गए बयान से यह मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। कई विपक्षी नेताओं ने इसका विरोध भी किया है। वहीं, अब आरएसएस से संबद्ध संगठन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने समान नागरिक संहिता पर संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी के सुझाव का स्वागत किया है। संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी ने हाल ही में एक बैठक में पूर्वोत्तर सहित आदिवासियों को किसी भी संभावित यूसीसी के दायरे से बाहर रखने की वकालत की थी। हालांकि कुछ



विपक्षी सदस्यों ने परामर्श शुरू करने के लिए विधि आयोग के कदम के समय पर सवाल उठाया था।

वनवासी कल्याण आश्रम के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने एक बयान में कहा कि अनुसूचित जनजातियों को इस कानून से बाहर रखने में हम संसदीय समिति के प्रमुख सुशील कुमार मोदी की भूमिका का स्वागत करते हैं। बयान में वनवासी कल्याण आश्रम ने विधि आयोग से यह भी अनुरोध किया है कि उसके अधिकारी देश के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों का दौरा करें। इस दौरान वे आदिवासियों के प्रमुख लोगों और संगठनों के साथ चर्चा करके उनकी संक्रमणकालीन प्रणाली और विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे विषयों पर उनके विचारों को गहराई से समझने का प्रयास करें। उन्होंने विधि आयोग यूसीसी पर अपनी रिपोर्ट सौंपने में हड़बड़ी न करने का आग्रह किया।

**संगठन की अपील :** साथ ही संगठन ने अनुसूचित जनजाति और उनके संगठनों के सदस्यों से अपील की कि प्रस्तावित यूसीसी को लेकर उनकी जो भी चिंताएं हैं उनको सीधे विधि आयोग से साझा करें। इस मुद्दे पर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों से भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि इन दिनों यूसीसी को लेकर खासकर सोशल मीडिया पर काफी चचाएं चल रही हैं, जिससे आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। आदिवासी समाज भी इससे अछूता नहीं है। निहित स्वार्थ वाले कुछ लोग भी आदिवासी समाज को गुमराह कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में वनवासी कल्याण आश्रम आदिवासी समाज, विशेषकर उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों और शिक्षित वर्ग को सचेत करना चाहता है कि वे किसी के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि विधि आयोग सभी हितधारकों से परामर्श के बाद केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा और उसके बाद ही सरकार संसद में विधेयक लाएगी।

## भाजपा अब भी छह सीटें लोजपा को देना चाहती है : चिराग

**पटना।** 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाईटेड ने 17-17 और लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अब जदयू फिलहाल भाजपा के साथ नहीं है, लेकिन भाजपा अब भी वही छह सीटें लोजपा को देना चाहती है। स्पष्ट हो लें- लोजपा को। दिवंगत रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी अब दो टुकड़ों में है, लेकिन उसे 6 सीटों पर ही तैयार करने का प्रयास चल रहा है। जमुई के सांसद चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने की एक यह भी शर्त है, जिसके कारण अपने चाचा पशुपति कुमार पारस से भी उनकी डील अब जरूरी है। भाजपा को आगे की राजनीतिक लड़ाई के लिए दिवंगत रामविलास पासवान के परिवार की लड़ाई को खत्म करना जरूरी हो गया है। पार्टी ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को भी सहज होने कहा है, जबकि दूसरी ओर सांसद चिराग पासवान को भी साथ आने के पहले पारिवारिक समझौता करने की सलाह दी गई है। दोनों पक्षों को एक साथ करने के बाद भाजपा छह सीटों के लिए डील को भी फाइनल करेगी। दिल्ली में होने वाली एनडीए की बैठक से पहले इस डील को फाइनल कर लिया जाना है, ताकि सीटों को लेकर कोई संशय नहीं रहे।

## यूनिफॉर्म सिविल कोड पर केंद्र सरकार अपनी मंशा स्पष्ट करेः सलमान खुर्शीद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर अभी कुछ कहना ठीक नहीं है। पहले यह सामने आए कि सरकार की मंशा क्या है। वह क्यों इसे लागू करना चाहती है। इसका क्या मसौदा है। इन बिंदुओं के स्पष्ट होने के बाद ही इस पर कुछ कहना सही रहेगा। पहले ही तलवार निकालकर हवा में भांजने से कुछ नहीं होगा। उक्त बातें पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने रविवार को आजमगढ़ के नेहरू हॉल में इंडियन मुस्लिम फॉर सिविल राइट्स संस्था (आईएमसीआर ) की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन में कहीं। सलमान खुर्शीद ने कहा कि यूसीसी से केवल मुस्लिम ही नहीं प्रभावित होंगे, बल्कि जो अन्य अल्पसंख्यक हैं, उन पर भी असर पड़ सकता है। कहा कि 2024 का चुनाव अवाम लड़ रही है। अब लोग बीजेपी को हटाना चाहते हैं। उनके पास फॉमूर्ला है, अगर वह सही तरीके से काम करेगा तो बीजेपी हट जाएगी।

वहीं, राहुल गांधी पर बीजेपी के चुटकी लेने के सवाल पर सलमान खुर्शीद ने कहा कि अवाम अगर



उनको पसंद कर रही है तो बीजेपी को दिक्कत हो रही है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने आईएमसीआर की बैठक पर कहा कि जिस भी कौम में पसमांदा समाज है, उसकी जरूरतों को पूरा करना, उनके क्या विचार हैं, उस पर अमल करने को लेकर बैठक हो रही है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ से उनका खास रिश्ता है। कार्यक्रम के बाद सलमान खुर्शीद शहर के पहाड़पुर में निस्वां बालिका इंटर कॉलेज पहुंचे और छात्राओं से कई विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल डॉ. अजीज कुरैशी, सय्यदा सय्यदेन, आईएमसीआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. अदीब, और पूर्व राज्यसभा सदस्य अजीज पाशा आदि थे।

### खबरें फटाफट

## पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब विजिलेंस ने राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी को रविवार को गिरफ्तार किया। ओपी सोनी कांग्रेस के सीनियर लीडर हैं। उन्हें सोमवार को अमृतसर कोर्ट में पेश किया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच ये कदम उठाया गया है। पंजाब के सूचना और जनसंपर्क विभाग ने कहा कि पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पूर्व उपमुख्यमंत्री ओपी सोनी को 2016 से 2022 की अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि ओपी सोनी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) (बी) और 13 (2) के तहत पुलिस स्टेशन विजिलेंस ब्यूरो, अमृतसर रेंज में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है. एफआईआर 10 अक्टूबर, 2022 को आदेशित जांच के बाद दर्ज की गई। प्रवक्ता ने बताया कि 1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2022 की अवधि के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम और उनके परिवार की आय 4.52 करोड़ रुपये थी, जबकि उनका खर्च 12.48 करोड़ रुपये था। अधिकारी के अनुसार, ये खर्च उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग 176.08% अधिक है।

### देश के मैदानी इलाके से लेकर पहाड़ों तक बारिश ने मचायी तबाही

# कई राज्यों में आफत बनी बारिश अलग अलग हिस्सों में 20 की मौत

- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अगले 24 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। मैदानी इलाके से लेकर पहाड़ों तक बारिश के कारण लोगों पर आफत टूट पड़ी है। लगातार हो रही बारिश के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों में अब तक करीब 20 लोगों को जान जा चुकी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अगले 24 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि जुलाई के पहले आठ दिनों में हुई बारिश ने देशभर में बारिश की कमी की भरपाई की। मानसून के मौसम में अभी तक कुल 243.2 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से दो प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो दिन से लगातार



हो रही बारिश की वजह से कई इलाकों में पानी भर गया है। इस वजह से भयंकर जाम भी देखने को मिला। दिल्ली में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी भी कर दी गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया कि दिल्ली में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बरसात और मौसम विभाग की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को दिल्ली के सभी स्कूलों को एक दिन के लिए बंद किया जा रहा है।

**40 साल का रिकॉर्ड टूटा :** आईएमडी ने कहा कि रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 153 मिलीमीटर बारिश हुई, जो 1982 के बाद से जुलाई के महीने में एक दिन में सबसे अधिक बारिश है। पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया के कारण दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत में जबरदस्त बारिश हो रही है। यहां कई इलाकों में भारी जलभराव हुआ है। दिल्ली में बारिश के कारण एक 58 वर्षीय महिला की उसके फ्लैट की छत गिरने से मौत हो गई है। दिल्ली में भारी बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव हुआ. इसकी वजह से सांसद राम गोपाल यादव के घर में भी पानी घुस गया। भारी बारिश के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के एलजी से बात की और अपडेट लिया है। गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के एलजी से भी बात की और अमरनाथ यात्रा के बारे में अपडेट लिया जो भारी बारिश के कारण निलंबित कर दी गई थी। बारिश के दौरान सबसे ज्यादा नुकसान पहाड़ी राज्यों में देखने को मिल रहा है।

**पहाड़ी इलाकों पर आफत बनकर टूटी बारिश :** हिमाचल प्रदेश के रामपुर में सतलुज नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद नाथपा बांध से 1500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कांगड़ा में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। शिमला में सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण चाबा ब्रिज बह गया। कुल्लू के कसोल इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कई कारें बह गईं हैं। बारिश के कारण मंडी में स्थित औट-बंजर का सालों पुराना पुल ढह गया। मंडी में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण उसमें पंचवक्त्र मंदिर भी डूब गया। अधिकारियों ने बताया कि शिमला जिले के कोठगढ़ इलाके में भूस्खलन से एक घर ढह गया। जिसमें परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। कुल्लु शहर में भी भूस्खलन से एक अस्थायी घर क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें एक महिला की मौत हो गई। एक अन्य हादसे में चंबा तहसील के कातियान में शनिवार रात भूस्खलन की चपेट में आकर एक व्यक्ति दब गया।






### पंचायत चुनाव को लेकर हुई हिंसा में 15 लोगों की हो चुकी है मौत, भाजपा ने किया विरोध

# पश्चिम बंगाल के 604 बूथों पर आज होगी वोटिंग

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में पंचायत चुनाव के लिए फिर से मतदान होगा। राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि पंचायत चुनाव के लिए पुरुलिया, बीरभूम, जलपाईगुड़ी और दक्षिण 24 परगना में पुनर्मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिन बूथ पर मतदान को अमान्य घोषित कर दिया था, वहां 10 जुलाई को 604 बूथों पर फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है।



पश्चिम बंगाल में जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बीते दिन मतदान हुआ था। इस दौरान हुई हिंसा में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, दक्षिण 24 परगना से एक और व्यक्ति का शव मिलने दो घायलों की मौत के बाद मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिन जिलों में पुनर्मतदान की घोषणा की गई, उनमें सबसे ज्यादा मुर्शिदाबाद में 175 बूथ हैं, इसके बाद मालदा में 112 बूथ हैं। हिंसा प्रभावित नादिया में 89 बूथों पर पुनर्मतदान होगा, जबकि उत्तर में और दक्षिण 24 परगना जिलों में 46 और 36 बूथों पर पुनर्मतदान होगा।

अधिकारियों ने कहा कि राज्य की त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत 73,887 सीट पर चुनाव हुए, जिसके लिये 2.06 लाख उम्मीदवार मैदान में थे। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 66.28 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने जिलाधिकारियों से पंचायत चुनाव के दौरान हुई मौतों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बीजेपी के समर्थकों ने पंचायत चुनाव में हिंसा के विरोध में रविवार को कोलकाता में राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

## नागालैंड के किसी एसपी का ड्राइवर बताकर जिले के फ्रॉड ने दर्जन भर युवकों को लगाया चूना

# नौकरी लगाने के नाम पर उत्तर प्रदेश के युवाओं से लाखों की ठगी, प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/आरा**

- पीड़ित युवक ने कृष्णगढ़ थाने में दर्ज करायी शिकायत, छानबीन व धरपकड़ में जुटी पुलिस
- मुखिया की गाड़ी पर फायरिंग में भी आरोपित रहा है फ्रॉड

जिले के एक फ्रॉड ने नौकरी लगाने के नाम पर उत्तर प्रदेश के बलिया के दोकटी गांव के दर्जन भर बेरोजगार युवकों से ठगी करने का मामला सामने आया है। नागालैंड के एक जिले के एसपी का ड्राइवर बताकर फ्रॉड द्वारा दोकटी गांव के लगभग 10 युवाओं को लाखों का चूना लगाया चुका है। घटना 2018 की ही बतायी जा रही है। आरोपित फ्रॉड भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी सीताराम सिंह का बेटा मंटू कुमार सिंह है। उसके खिलाफ यूपी के बलिया जनपद के दोकटी गांव निवासी अखिलेश कुमार सिंह ने कृष्णगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी के अनुसार मंटू कुमार सिंह का दोकटी के इलाके में रिश्तेदारी है। अक्सर अपने रिश्तेदार के घर उसका आना-जाना रहता है। उसी दौरान उसने दोकटी गांव के बेरोजगार युवाओं को एसपी का ड्राइवर बताकर नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाया।

मंटू ने आईटीबीपी और फायर ब्रिगेड सहित अन्य विभाग में नौकरी लगाने के नाम उसके द्वारा किसी से 30 तो किसी से पचास हजार की ठगी की है। अखिलेश कुमार सिंह के अनुसार आरोपित ने उससे 73 हजार रुपए की ठगी की है। उसमें तीन हजार रुपए कैश और 70 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर किया था। पुलिस मामले की छानबीन और आरोपित की धरपकड़ में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मंटू कुमार सिंह पिछले दिनों सोहरा पंचायत के मुखिया की गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में भी वांछित है। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं पर मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपित को बख्शा नहीं जायेगा।



### छह लाख में नौकरी देने की बात कह की ठगी

अखिलेश कुमार सिंह ने बताया है कि आरोपित मंटू कुमार सिंह अप्रैल 2018 में अपने रिश्तेदार के घर गया था। वहां उसने खुद को नागालैंड पुलिस में नौकरी करने और एसपी का ड्राइवर होने की बात कही थी। जिसके बाद उसने नौकरी लगवाने का दावा किया। एक लड़के के छह लाख रुपए लगेंगे। ऐसे में उसके बाद बहुत लड़के उसके झांसे में आ गए। सिर्फ दोकटी गांव के कम से कम दस लड़के उसके झांसे में फंस गए और नौकरी के लिए पैसे दे दिया। उस क्रम में उसने भी 73 हजार रुपए दिया। उसके बाद वह आज-कल करने लगा। कुछ दिन बाद मोबाइल उठाना भी बंद कर दिया। अखिलेश कुमार सिंह द्वारा लेनेदेन के साक्ष्य के तौर पर खाते का कॉपी, बातचीत की रिकॉर्डिंग और आरोपित का पुलिस ड्रेस पहने फोटो उपलब्ध कराया है।

## पौधरोपण कार्यक्रम में मिला डीएफओ का साथ

जहानाबाद। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लगातार 110वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण का कार्यक्रम चलाया गया। जिसके तहत रतनी प्रखंड के सम्मतविगहा गांव में रमाकांत शर्मा की जमीन पर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने लगातार विभिन्न कार्यक्रम चला पौधरोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि वातावरण शुद्ध हो सके। ऐसे में गायत्री परिवार द्वारा पूरे जिले के साथ-साथ पूरे देश में पौधरोपण अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। बताया गया कि पहले हमलोग खुद ही पैसे की व्यवस्था कर पौधरोपण कार्यक्रम को चलाया जाता था। इसकी जानकारी जिले के वन विभाग सहित आला अधिकारियों को हुई तब वन प्रमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन के निदेर्शानुसार आठ जुलाई से वन विभाग द्वारा पौधा मुहैया कराया जाना सुनिश्चित किया गया। जिसकी गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ समन्वयक रंगेश कुमार सहित सभी परिजनों हृदय से स्वागत किया।

## बच्चा जन्म देने के बाद पहली बार मां बनी प्रसूता की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

- जगदीशपुर सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के बाद किया गया था रेफर

जिले के जगदीशपुर स्थित सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। प्रसव के बाद जब उसकी स्थिति गंभीर होने लगी, तो उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत महिला बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव निवासी अफजल आलम की पत्नी नाजनी खातून थी। बताया गया कि उसकी शादी तीन साल पहले हुई और वो पहली बार मां बनी थी। मृतका की मां सहीना खातून ने बताया कि उसे प्रसव होने वाला था। उसके कारण वह कुछ महीनों से मायके में रह रही थी। रविवार की सुबह उसे अचानक प्रसव का दर्द होने लगा। तब प्रसव के लिए उसे जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया।

वहां मौजूद चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उसका प्रसव कराया गया और उसे बेटा पैदा हुआ। उसके बाद उसकी हालत काफी बिगड़ गई। उस पर डाक्टरों द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव लेकर चले गए। हालांकि मां सहीना खातून द्वारा जगदीशपुर रेफरल अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों पर किसी भी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। बताया जा रहा है कि नाजनी खातून की शादी वर्ष 2020 में 23 अप्रैल को हुई थी। वह पहली बार मां बनी थी। ऐसे में उसके घर में खुशी का माहौल था, लेकिन प्रसूता महिला की मौत से खुशी गम में बदल गई। वहीं दुधमुंहे बच्चे के सिर से मां का आंचल भी उठ गया।

## विदेशी पिस्टल, दो मैगजीन व एक कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**केटी न्यूज/अरवल**

पुलिस अधीक्षक मो. कासिम ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने पिस्टल के साथ युवक के गिरफ्तारी की सूचना दी। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की कुर्था थाना के मोतीपुर बाजार में मनोज साव के साइकिल दुकान के पीछे शंकर साव के मकान में सिवान कुमार रहता है। उसके पास विदेशी पिस्टल है और उसे वो हमेशा अपने साथ रखता है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में कुर्था थाना के पुलिस बल और जिला पुलिस बल के साथ एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मोतीपुर बाजार में उक्त मकान का तलाशी ली। इस क्रम में सिवान कुमार पाया गया, लेकिन उसके पास पिस्टल नहीं मिला। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने मां के श्रृंगार दुकान में पिस्टल छुपा कर रखने की बात कही। निशानदेही पर विदेशी पिस्टल एक खाली मैगजीन और एक मैगजीन में एक जिंदा कारतूस के साथ चार एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## एकता के मूल मंत्र पर काम करने वाला विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठनः महामंत्री


**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अभाविप नगर इकाई के तत्वधान में परिषद के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर अमृत महोत्सव गौरव यात्रा स्पोर्ट कांप्लेक्स से गांधी मैदान तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी साइकिल यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री प्रदेश महामंत्री सूरज सिंह ने बताया कि ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र पर काम करने वाला विद्यार्थी परिषद दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। परिषद के कार्यकर्ता राष्ट्रवाद और राष्ट्रनिर्माण की भावना से ओतप्रोत होते हैं। उनके पास ज्ञान और संस्कार की पूंजी होती की। यह संगठन छात्रों से शुरू होकर। छात्रों को समस्या के निवारण। निवारण हेतु एक छात्र शक्ति का परिचायक की। विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्र से संबंधित प्रश्नों को प्रमुखता से उठाती आ रही है। चाहे राष्ट्र संबंधित मुद्दा हो धारा 370 जैसी जटिल समस्या हो हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा जारी नई शिक्षा नीति विद्यार्थी परिषद की ही मांग रही है। इस कार्यक्रम के नेतृत्व करता नगर मंत्री शुभांकर कुमार एवं नगर सह मंत्री विष्णु शंकर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपनी स्थापना दिवस के 75 वर्ष संपूर्ण देश में सप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मना रही है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रम कुमार एवं सुरजीत कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद कॉलेज कैंपस के अंदर ही नहीं कैंपस के बाहर भी सामाजिक कार्य में बढ़कर रहती है। वहीं जिला प्रमुख प्रो प्रकाश चंद्र जिला संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि जिले में किसी भी कॉलेज में छात्र को परेशानी हो वे विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं से संपर्क करें। उन्हें हर संभव मदद की जाएगी ताकि उनके समस्याओं का समाधान हो। अभाविप शकूराबाद, काको एवं हुलासगंज इकाई के द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



कुमार अर्थोपैडिक मल्टी स्पेस्लिटी क्लिनिक
डा. बीरेन्द्र कुमार
अर्थोपैडिक सर्जन
एमबीबीएस, डी.अर्थो पीएमसीएच
एफआईएमएस ( युके )
चिकित्सा पदा. अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा रविशंकर कुमार
एमबीबीएस, एमडी स्कीन
एक्स रेजिडेंस आईजीआईएस, पटना
चर्म रोग विशेषज्ञ
चर्म रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार
मोबाईलः- 9122226720
पता- सुमित्रा कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमरांव

Integrated Township at Bihta Patna
Yellow City
आपका निवेश हमारा साथ


सावन के पावन महीने में येलो सिटी की तरफ से पटना में जमीन खरीद की इच्छा रखने वालों के लिए सुनहरा ऑफर
बिहटा एयरपोर्ट से मात्र 4 KM
आईआईटी कैम्पस से 2 KM
50 बीघा में प्लाटिंग 25 फीट का रास्ता
5 कट्ठा, 12 कट्ठा व 15 कट्ठा का ही प्लाट
60 माह की आसान किस्तों पर
25,000 हजार प्रतिमाह की किस्त
ऑफर 800 रूपया प्रति स्कवायर फीट
लोकेशन अमहारा गांव बिहटा (पटना)
बुकिंग 10 फीसदी, पोजिशन 40 फीसदी व रजिस्ट्री 100 फीसदी पर
मोबाईल नम्बर : +91 6202869902

## नया भोजपुर में शव दफनाने को लेकर भिड़े दो पक्ष, एसडीपीओ ने दी समझाइश

# डुमरांव एसडीपीओ की सूझबूझ से टला बड़ा मामला, दोनों पक्षों को कराया शांत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को नया भोजपुर डुमरी पथ के किनारे स्थित नौआबारी कब्रिस्तान के पास स्थित एक भूखंड पर शव दफनाने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए थे। इस दौरान घंटो तनाव भरा माहौल बना रहा। लेकिन इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल स्थानीय पुलिस के साथ ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित की। अधिकारियों तथा पुलिस टीम के पहुंचने के बाद भी दोनों पक्ष अपनी अपनी दलीलों पर कायम थे। बाद में एसडीपीओ के पहल के बाद मामला शांत हुआ। तब जाकर शव को मिट्टी दिया गया। हालांकि इस मामले को ले दोनों पक्षों के बीच तनाव कायम है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

**रैयती जमीन होने का दावा कर शव दफनाने का किया विरोध :** जानकारी के अनुसार रविवार को नया भोजपुर के 80 वर्षीय सख्त अली शेख की मौत हो गई थी। जिसके बाद उनके समुदाय के लोग परंपरा के अनुसार उनके समुदाय के लोग शव को दफनाने के लिए नया भोजपुर डुमरी पथ के किनारे स्थित नउवाबारी कब्रिस्तान में ले गए। लेकिन जिस भूखंड पर शव दफनाया जा रहा था उस पर गांव के प्रदीप वर्मा, साधु गुप्ता तथा रामचंद्र पासी रैयती जमीन होने का दावा कर शव दफनाने का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि वर्ष 1983 में प्रदीप के पिता स्व शिवजी सोनार, साधु गुप्ता के पिता स्व हीरा गुप्ता तथा रामचंद्र पासी ने मिलकर शेख परिवार से 11 कट्ठा जमीन खरीदा था। इस जमीन को खरीदने के पहले तीनों ने तत्कालीन चकबंदी अधिकारी से स्वीकृति भी ली थी। लेकिन 40 साल बाद दूसरा पक्ष इस जमीन पर शव दफनाने चला आया। जिसका विरोध किया गया। वही दूसरे पक्ष के कयूम अंसारी आदि ने बताया कि उक्त जमीन कब्रिस्तान का हिस्सा है तथा उसे गलत तरीके से रजिस्ट्री करवाया गया हैं।

**पूर्व में भी हो चुका है विरोध :** ऐसा नहीं कि कब्रिस्तान को लेकर पहली बार विवाद हुआ है। जानकारी के अनुसार करीब एक दशक पहले तत्कालीन विधायक दाउद अली के निधि से इसकी घेराबंदी करवाई जा रही थी। तब दूसरे पक्ष ने इसी रैयती जमीन बता घेराबंदी रूकवा दिया था। प्रशासन भी उनके कागजात को देखने के बाद घेराबंदी नहीं करने का निर्देश दी थी।



- घंटों मचा रहा बवाल, एसडीपीओ ने सुनी दोनों पक्षों की दलील
- एक पक्ष ने रैयती जमीन बता शव दफनाने का किया था विरोध, दूसरा पक्ष गलत तरीके से जमीन लिखवाने का लगा रहा आरोप

### एसडीपीओ ने दोनों पक्षों को विवाद न करने की दी सलाह



जानकारी के अनुसार एसडीपीओ के पहल के बाद जिस जगह शव को दफनाया जा रहा था उससे ढाई से तीन फिट दूर दफनाने पर दोनों पक्ष सहमत हुए। एसडीपीओ के सामने दोनों पक्षों ने भविष्य में दोबारा इस मुद्दे पर विवाद नहीं करने पर भी सहमति जताई। वही प्रशासन ने विवादित हिस्से पर भविष्य में न तो शव दफनाने और न ही किसी तरह का निर्माण करने का निर्देश दिया। जिसे दोनों पक्षों ने मान लिया। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर जल्दी ही शांति समिति की बैठक भी आयोजित होगी।

> "शव दफनाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसकी जानकारी मिलते ही वहां जाकर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया तथा दोनों पक्षों की सहमति से शव दफनाया गया। दोनों पक्षों को विवादित जमीन पर न तो शव दफनाने और न ही किसी तरह का निर्माण करने का निर्देश दिया गया है।
>
> - अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव

**सड़क किनारे होने के कारण जमीन पर गड़ी है नजर :** बता दें कि यह जमीन नया भोजपुर डुमरी पथ के किनारे स्थित है। जिस कारण इसकी कीमत काफी अधिक है। सूत्रों का कहना है कि यही कारण है कि दोनों पक्ष इस जमीन को छोड़ना नहीं चाहते है। वैसे रैयती होने के कारण पहले पक्ष का दावा मजबूत है। लेकिन दूसरा पक्ष उनके रजिस्ट्री को अवैध बता रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ता ने जर्जर हो चुके नेनुआ मुख्य पथ की मरम्मत के लिए प्रधनमंत्री को लिख पत्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**



भाजपा कार्यकर्ता तथा नेनुआ गांव निवासी रमेश पाठक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख जर्जर हो चुके नेनुआ गांव के मुख्य पथ की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। पत्र में श्री पाठक ने बताया है कि इसी पथ के सहारे ग्रामीण प्रखंड तथा अनुमंडल मुख्यालय जाते हैं। लेकिन पिछले दो सालों से यह पथ इस कदर जर्जर हो गया है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इस पथ की मरम्मत के प्रति स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे पर उदासीनता बरतने का अरोप लगाते हुए कहा है कि वे वर्ष 1995 से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता है। वही दूसरी तरफ इस पथ के जर्जर होने से ग्रामीणों में भी गहरा आक्रोश हैं। ग्रामीण जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इस पथ के जर्जर होने से छोटी-बड़ी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अक्सर वाहन पलटते रहते है।

अजित पाठक की माने तो इस पथ के मरम्मत के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन किसी भी स्तर से कार्रवाई नहीं हो सकी है। सुनील पाठक, पप्पू राम, चंद्रमा चौधरी, कमला तिवारी आदि ग्रामीणों ने कहा कि सड़क के जर्जर होने से आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क की स्थिति खराब होने से शाम ढलने के बाद लोग घरों से निकलने में परहेज कर रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र इस पथ की मरम्मत नहीं करवाई गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीण उपेन्द्र पाठक ने कहा कि बरसात बाद चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जा रही है।




## खबरें फटाफट

### छोटका राजपुर में स्वास्थ शिविर आयोजित

**सिमरी।** यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के पिता स्व बिंध्यांचल सिंह के पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव छोटका राजपुर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि दियरांचल के गांवों में इस तरह की आयोजन समय समय होते रहना चाहिए। ताकि समाज के हर लोगों को इसका लाभ मिल सके। वहीं यूपी के जल संसाधन मंत्री ने कहाकि स्वास्थ्य के प्रति आमजनता को सदैव सचेत रहना चाहिए। इसलिए सभी को समय समय पर अपने सेहत की जांच कराते रहना चाहिए। शिविर की शुरूआत जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की दंत जांच कर की गई। मौके पर फलदार वृक्ष का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। वहीं शिविर में लोगों की काफी भीड़ रही।

### कुल सचिव व प्रभारी प्राचार्य के आश्वासन पर हड़ताल समाप्त

**बक्सर।** एमवी कॉलेज में पिछले तीन दिनों से जारी शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों का हड़ताल रविवार को कुल सचिव व कॉलेज के नये प्रभारी प्राचार्य के आश्वासन पर समाप्त हुआ। सोमवार से सभी शिक्षक व कर्मी अपने काम पर लौट आएंगे। इसकी जानकारी शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के नेता डॉ अरविंद कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के कुलसचिव डॉ रण विजय सिन्हा एव नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाठक द्वारा शिक्षक एव शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ देर शाम वार्ता हुई। इसी वार्ता के बाद महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त किया। दोनों पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक एव शिक्षकेतर कर्मचारियों के मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए पांच दिनों के अंदर सभी मांगों पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन प्रभारी प्राचार्य के साथ मिलकर आपकी सभी मांगों को पूरा करेगी। आपकी सभी मांगे जायज है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स चलाएगा सदस्यता अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव चैंबर ऑफ कॉमर्स के स्थापना के दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर रविवार को स्थानीय शहर के एक सभागार में डुमरांव चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरी ने किया। इस दौरान सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी पर विश्वास जताते हुए आगामी कार्यक्रम निर्धारित करने की सहमति जताया। चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर परिषद क्षेत्र के व्यवसायियों को संगठित कर उनके हितों की रक्षा करेगा। साथ ही मुहिम चलाकर छोटे-बड़े व्यवसायियों को अपने संगठन का सदस्य बनाकर उनके समस्याओं का समाधान करेगा। इसका संचालन संस्था के मनोज कुमार केशरी ने किया जबकि स्वागत भाषण शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता उर्फ मोहन जी दिया।

बैठक को चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप चेयरमैन विकास ठाकुर, पूर्व चेयरमैन कमलेश तुरहा, राजेंद्र केशरी, अखिलेश केशरी, श्यामजी गुप्ता, बीएम सिंह, अविनाश सिंह, छोटे गुप्ता, बंधन वर्मा, अंकित केशरी, राकेश सोनी, धीरज मिश्र आदि ने व्यवसायियों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरी ने कहा कि दो वर्ष पूर्व चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना हुई थी तब से लेकर आज तक का सफर सफलतापूर्वक तय करते हुए व्यवसायियों के हित को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गयी है। चैंबर ऑफ कॉमर्स का उद्देश्य व्यवसायियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक लगकर उसका समाधान कराना है।

### आज से नामांकन उत्सव

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न माध्यमिक एवं उच्च मा. विद्यालयों में 10 से 30 जुलाई तक 9वी में कक्षा में नामांकन को लेकर नामांकन उत्सव मनाया जाएगा। 20 दिनों तक चलने वाले उत्सव कार्यक्रम की शिक्षा विभाग के पदाधिकारी के अलावा प्रशासनिक पदाधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे।






## खबरें फटाफट

### सुधीर बने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

**बलिया।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की बैठक रविवार को गुरुद्वारा रोड में हुई। इसमें संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही अभियान चलाकर ग्रामीण पत्रकारों को संगठन से जोड़ने पर बल दिया गया। इसके अलावा सुधीर सिंह को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सभी पत्रकारों ने हर्ष जताया। तत्पश्चात नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने अरविंद तिवारी को रसड़ा का अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत व गतिशील बनाना तथा ग्रामीण पत्रकारों के समस्याओं का निराकरण करना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। पत्रकारों के मान सम्मान तथा स्वाभिमान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों की समस्याओं को लेकर संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया जाएगा।

### अवैध बालू खनन के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बलिया।** उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने खनन अधिकारी बलिया को क्षेत्र में अवैध बालू के भंडारण व परिवहन के खिलाफ अभियान चला कर कार्यवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने खनन अधिकारी को भरोसा दिया है कि इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल व अन्य तरह के सहयोग स्थानीय तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन उन्हें उपलब्ध कराएगा। गौरतलब है कि क्षेत्राधिकारी बैरिया उस्मान ने उप जिलाधिकारी बैरिया को पत्र लिखकर बताया था कि बड़े पैमाने पर क्षेत्र में लाल बालू का परिवहन व भंडारण हो रहा है जो आने वाले दिनों में कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकती है,इसलिए इस गैरकानूनी कार्य के खिलाफ कानूनी कार्यवाही आवश्यक है। क्षेत्राधिकारी के पत्र को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की मौत

**गाजीपुर।** जिले के रेवतीपुर गांव अंतर्गत दयाराम पट्टी के रहने वाले तथा सुहवल थाने पर होमगार्ड के पद पर कार्यरत जवान रामाकांत राय (58) का बीती रात एकाएक तबियत खराब होने से निधन हो गया। इसके चलते परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि गांव में घटना के बाद सन्नाटा पसरा हुआ है। उधर इसकी जानकारी होते ही होमगार्ड कंपनी के जवानों एवं थाने के पुलिस कर्मियों में शोक की लहर दौड पडी। मृत होमगार्ड जवान का अंतिम दाह संस्कार मेदनीपुर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि मृत होमगार्ड के पौत्र आंशिक उर्फ रोहित राय के देते ही माहौल गमगीन हो गया। इसके पूर्व होमगार्ड के दर्जनों जवान, कंपनी के बीईओ ,प्लाटून कमांडर अपने जवान को अंतिम विदाई दी। मृत होमगार्ड के परिजनों ने बताया कि बीते शुक्रवार को सुहवल स्थित बैंक आफ इंडिया पर ड्यूटीरत थे।

### डीएम ने जिला विकास अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

# जिले के बिजली विहिन विद्यालयों को लेकर जिलाधिकारी ने परियोजना प्रभारी को फटकारा

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में पीएम स्वनिधि योजना, स्वामित्व योजना, वरासत अभियान, कोर्ट केस एवं अवमानना वाद, फैमिली आईडी की प्रगति तथा रियल टाइम खतौनी अपडेशन सहित तहसील स्तरीय कई अन्य योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान नेडा द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में परियोजना प्रभारी यूपी नेडा ने बताया कि प्रोजेक्ट मोड के सोलर स्ट्रीट लाइट में वित्तीय वर्ष 2022-23 के 148 लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट में भी 134 लक्ष्य के सापेक्ष का पूर्ण हो चुका है। बाबूजी कल्याण सिंह ग्रामीण उन्नत सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत गत वित्तीय वर्ष में 200 का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें 150 की पूर्ति के सापेक्ष



■ जिलाधिकारी ने की योजनाओं की समीक्षा, धीमी योजनाओं की प्रगति पर जताई नाराजगी

कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष पर कार्य प्रगति पर है। माध्यमिक विद्यालयों में 5 किलोवाट सोलर पावर प्लांट की योजना के तहत परियोजना प्रभारी ने बताया कि भौतिक लक्ष्य 3 के सापेक्ष 2 में कार्य हो चुका है। एक विद्यालय में विद्युत कनेक्शन ना होने के कारण अभी तक संयंत्र स्थापित नहीं हो सका है। जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालय के चयन पर, जहां पर विद्युत कनेक्शन नहीं है परियोजना प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए इस संबंध में जिला विकास अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

फैमिली आईडी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अस्वीकृति ज्यादा होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में जिला विकास अधिकारी ने बताया कि तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण कार्य 15 जुलाई के पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। उसके उपरांत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक अभियान चलाकर फैमिली आईडी से संबंधित कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त प्रशिक्षण कार्यों एवं अभियान के दौरान प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश नगर मजिस्ट्रेट को दिए। रियल टाइम खतौनी अपडेशन की समीक्षा के दौरान तहसील मोहम्मदाबाद गोहना एवं मधुबन में स्थिति ठीक ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसमें तेजी से कार्य करते हुए सुधार लाने के निर्देश संबंधित उप जिलाधिकारियों को दिए। मोटर दुर्घटना क्लेम, पारिवारिक न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों से प्राप्त आरसी की वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितो के खाते सीज करने एवं उनकी अचल संपत्तियों को कुर्क कर नीलामी की कार्यवाहिया शीघ्र पूर्ण करते हुए वसूली करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नीलामी की तिथियों के दौरान नीलामी प्रक्रिया संपन्न ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नीलामी प्रक्रिया को अवश्य पूर्ण करने को भी कहा। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में बीएलओ की तैनाती एवं उनके समायोजन की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिक मतदाताओं एवं संवेदनशील बूथों पर कार्यरत पुराने एवं संदेहास्पद बीएलओ की जांच कर आवश्यकतानुसार उनके बदलने अथवा समायोजन के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रारूप 7 के सापेक्ष प्रारूप 10 में ज्यादा अंतर पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त उप जिलाधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाते हुए इस योजना से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। नगर निकायों में एमआरएफ सेंटर हेतु भूमि की उपलब्धता की चर्चा के दौरान नगर निकाय दोहरीघाट में अभी भी जमीन की उपलब्धता ना होने पर जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त छोटे निकालो को सीमा विस्तार हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन में भेजने के निर्देश दिए, जिससे सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्यवाही हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## आप के कार्यकर्ताओं ने माड़ भात खाकर किया महंगाई का विरोध



**केटी न्यूज/बलिया**

आम आदमी पार्टी बलिया इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत के आह्वान पर महंगाई के विरुद्ध कलेक्ट्रेट प्रांगण में रविवार को माड़ भात भंडारा का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि जहां एक तरफ पेट्रोल, डीजल, गैस, दाल व सरसों तेल सहित तमाम चीजें महंगी हो गई है वहीं अब सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। कोई भी सब्जी 80 रूपए के नीचे नहीं मिल रहा है। आम जनता अब सब्जी खाने में भी सक्षम नहीं है।

इसी के विरोध में हम लोगों ने माड़ भात भंडारा का आयोजन किया क्योंकि आम जनता को इस महंगाई में माड़ भात नमक ही खाने को मिल रहा है। सब्जी अब जनता के बस की बात नहीं रही। कहा कि सदर विधायक व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, जो यह कह रहे हैं कि किसान बहुत कमा रहे किसानों को बहुत लाभ हो रहा है सब्जी बेचकर। तो यह उनको जाकर देखना चाहिए किसानों का हाल क्या है वह कितने परेशान हैं, कितने वह दुखी हैं। क्योंकि उनको उत्पाद करने में इतनी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, कीटनाशक, खाद, बीज भी बहुत महंगा हो गया है। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि महंगाई पर सरकार ने अगर ठोस कदम नहीं उठाया तो आम आदमी पार्टी के सिपाही अनवरत धरना प्रदर्शन व कार्यक्रम करते रहेंगे । जब तक कि सरकार कोई ठोस कदम ना उठा ले। आज के इस कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता जी, डॉ प्रदीप सर्व दमन कुमार, प्रहलाद कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** भाजपा महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के अध्यक्षता में जिला कार्यालय छावनी लाइन पर हुई। जिसमें 30 मई से 15 जुलाई तक चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्षों तथा सम्पर्क प्रमुखों से जनसंपर्क अभियान का क्रमवार जानकारी लेते हुए कहा कि गाजीपुर भाजपा का कार्यकर्ता जिस त्याग और समर्पण से कार्य करता है वह उल्लेखनीय है। कहा कि अभियान के सभी कार्यक्रम कार्यकताओं के लग्न, परिश्रम और निष्ठा से जिस सफलता से पूरे जनपद में सम्पन्न हो रहा है। उसके लिए भाजपा कार्यकर्ता प्रशंसा के हकदार हैं। आह्वान किया कि सभी पदाधिकारी एवं जिम्मेदार लोग अपने अपने शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर प्रवास कर अधिक से अधिक मिस्ड कॉल प्रधानमंत्री के समर्थन में सरल एप्प पर अपलोड करें।

## मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल को जाम करेंगे ग्रामीण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

ताड़ीघाट स्टेशन को दोबारा चालू करने व पुनः ट्रेन संचालन शुरू कराने को लेकर ताड़ीघाट क्रासिंग के समीप रविवार को आक्रोशित संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों का 11वें दिन सांकेतिक धरना अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं अनशन में तब्दील हो गया। आंदोलनरत ग्रामीणों ने चेताया कि अगर रेलवे एक हफ्ते में उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करता है, तो ग्रामीण हाई-वे से लेकर नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल को पूरी तरह से जाम कर देगें। जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। धरने एवं अनशन में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए योगी हर्ष सिंह ने कहा कि हमारा अतिप्राचीन स्टेशन वापस दे दिया जाए या सैकड़ों साल पहले ली गई जमीन ,कहा कि जिस तरह से रेलवे ने क्षेत्र के लोगों को धोखे में रख स्टेशन बंद कर लाइन उखाड दिया है,इसे हम कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगें।

उन्होनें कहा कि यह धरना व अनशन आगे चलकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में तब्दील हो जायेगा।वहीं अजीत सिंह ने कहा कि स्टेशन बंद किए जाने से दर्जनो दुकानदारो,टैंम्पो चालक बेरोजगार हो गये,उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की नौबत आ चुकी है,कहा कि इस महत्वपूर्ण स्टेशन को दोबारा चालू किया जाए ताकि लोगों को सहुलियत हो सके चेताया कि रेलवे अगर मागों को पूरा नहीं करता है तो ग्रामीण बडे आंदोलन को मजबूर होगें।वहीं सुखबीर सिंह ने कहा कि रेलवे का यह उपेक्षात्मक रवैया किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा हर हाल में इस स्टेशन को चालू करना होगा,अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन कर रेल चक्का जाम के साथ ही सोनवल से गाजीपुर जाने वाली नई रेलवे लाइन व हाइवे को जाम कर देगें।




## कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता महंगाई के खिलाफ उतरेगा सड़क पर: विश्वविजय

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर प्रदेश कार्यकारिणी के द्वार आरिफ खान को नवनियुक्त जिला चेयरमैन मनोनित किए जाने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी विश्व विजय सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग एकलाख अहमद, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक विभाग शबीहुल हसन को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, मजलूमों और पीड़ित लोगों के साथ खड़ी है। कांग्रेस कार्यकर्ता किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता रोड पर उतर कर इस महंगाई के खिलाफ



लड़ाई लड़ेगा साथ ही सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सरकार मजदूरों, गरीब तबके के साथ अन्याय कर रही है। सरकार के एजेंडे में मजदूर, शोषित और समाज का पिछड़ा समाज है ही नहीं। कांग्रेस किसी भी दशा में मजदूरों, पिछड़ों का शोषण नहीं होने देगी। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एकलाख अहमद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की इन नौ सालों में गरीब, असहाय,बेरोजगार जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। भाजपा वोटों की राजनीति करती है जिसे जनता भली भाती जान चुकी है। लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं पर भाजपा हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति कर लोगों को भटका-रही है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव शबीहूल हसन ने कहा की देश मे महंगाई सर चढ़ कर बोल रही है टेक्स के बोझ तले आम आदमी बुरी तरह कुचला जा रहा है। देश में 2014 के बाद से आपसी समाजिक सौहार्द्य में तेजी से कमी आई है जो पहले हिन्दू भाई हमारे हमदम हुवा करते थे आज हमसे दूर होते जा रहे हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा की पार्टी ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है उसका सच्ची निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।




### पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि के अवसर पर परिवहन मंत्री ने लाभार्थियों से किया संवाद

## चन्द्रशेखर जी के सपने को साकार करने के लिए करेंगे कार्य

**केटी न्यूज/बलिया**

पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को पीवीसी गोल्डेन कार्ड का वितरण किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की योजनान्तर्गत निराश्रित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई-मशीन भी दिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परिहवन मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ बलिया का ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश के विकास



के बारे में सोचते थे। दलगत भावना से उपर उठकर उनका कार्य था। जब देश विपरीत परिस्थितियों में था, जब उनको नेतृत्व मिला था और छोटे से कार्यकाल में उनके साहसिक कार्य की चर्चा आज भी की जाती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बलिया के विकास के लिए उन्होंने जो सपने संजोया था, उसे पूरा करने के लिए सकारात्मक दिशा में कार्य करेंगे।

**अगली बार से सेवा दिवस में रूप में मनाएंगे:** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के यहां जो भी गया, उसकी मदद जरूर करते थे। अपने समय के पक्ष-विपक्ष सभी नेताओं का ख्याल रखते थे। आवश्यकता पड़ने पर बड़े शहरों में ले जाकर उनका इलाज भी कराते थे। जनसेवा उनकी सोच थी। इसलिए उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम एक छोटी सी शुरूआत है। हमारा प्रयास होगा कि अगली बार से यह कार्यक्रम सेवा दिवस के रूप में और बृहद ढ़ंग से मनाया जाए।

**आवास की चाभी व निःशुल्क सिलाई मशीन का किया वितरण :** कार्यक्रम में परिवहन मंत्री ने महिला कल्याण विभाग की योजनान्तर्गत 10 निराश्रित महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन दिया, ताकि इसके माध्यम से वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपी। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत पांच लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल, डीडीओ राजितराम मिश्रा, डीपीएम डा आरबी यादव, बीडीओ हनुमानगंज गजेंद्र प्रताप सहित अन्य गणमान्य लोग व योजनाओं के लाभार्थी मौजूद थे।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## खबरें फटाफट

### आरपीएफ व जीआरपी ने चोर को किया गिरफ़्तार

**गाजीपुर।** रेलवे सुरक्षा बल गाजीपुर सिटी के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय की टीम और राजकीय रेलवे पुलिस औड़िहार के सब-इंस्पेक्टर विश्वदीपक की टीम ने संयुक्त रूप से एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर से मिली सूचना पर टीम गाजीपुर स्टेशन पर पहुंचकर उसकी तलाश करने लगी। रेलवे पुलिस ने जीआरपी औड़िहार में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 20/23 के तहत धारा 379 व 411 के आरोपी अनुज पांडेय पुत्र सुनील पांडेय निवासी 15/05/23 से संबंधित अभियुक्त अनुज पांडे पुत्र सुनील पांडे निवासी बरहज भटवलिया थाना मुफसिर जिला सिवान उम्र 19 वर्ष को सुबह करीब 7/30 बजे 1800/— रुपया नगद एक मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ गाजीपुर प्रभारी अमित कुमार राय को मुखबिर सूचना थी की उक्त गिरफ्तार अभियुक्त का 4 से 5 लडको का एक गैंग है जिनकी उम्र करीब 18 से 20 वर्ष के मध्य है। ये ट्रेनों में चोरी के इरादतन लगातार घूमते रहते है मौका पाकर किसी का भी मोबाइल और समान चुरा लेते है। बाकी के उक्त सभी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 12 जुलाई से 30 नवंबर तक चलेगा पौधरोपण अभियान

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार की अध्यक्षता में स्काउट एंड गाइड कैडेट एवं संबंधित शिक्षक के साथ बैठक की गई। जिसको संबोधित करते हुए संगठन आयुक्त ने बताया कि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से प्राप्त पत्र के आलोक में 11 जुलाई को सुबह 9:30 बजे जिलाधिकारी आवास से कारगिल चौक तक परिवार नियोजन पखवाड़ा एवं विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित साइकिल रैली में 50 स्काउट- गाइड कैडेट्स को भाग लेने के लिए सूची तैयार की गई है। वहीं, हरित क्रांति अभियान के अंतर्गत 12 जुलाई से 30 नवंबर तक पौधरोपण कार्य स्काउट और गाइड के द्वारा प्रत्येक शनिवार को एक घंटा अपने विद्यालय में स्काउट-मास्टर और विद्यालय प्रधान के सहयोग से एवं रविवार को अपने घर या पोषक क्षेत्र में अपने परिवार और मित्रों के सहयोग से करने का निर्णय लिया गया। जिसका शुभारंभ 12 को मखदुमपुर प्रखंड से किया जाएगा।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सबका दायित्व

**गाजीपुर।** रमवल स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को अभिभावक एवं अध्यापकों (पीटीए) की संयुक्त बैठक आहूत की गई। जिसमें गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यों व योजनाओं को लेकर शासन एवं विभागीय निदेर्शों पर गहनता से दोनों पक्षों ने छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, नामांकन, डीबीटी के अन्तर्गत धनराशि प्रेषण, साफ-सफाई, सामुदायिक सहयोग, मूलभूत सुविधाओं मध्यान्ह भोजन योजना, द्विव्यांग बच्चों का चिन्हांकन पर जोर दिया। प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सबका दायित्व है। कहा कि मां नौनिहालों की प्रथम पाठशाला है। संचारी रोग से बचाव एवं सावधानी जरूरी है। विद्यालय के विकास में अभिभावक व अध्यापकों का सहयोग जरूरी है। इस दौरान उन्होंने छात्रों के शत -प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। सत्यप्रकाश ने कहा कि? शिक्षा ही एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसके जरिए चाहे कोई हो समाज की हर बुलंदी को प्राप्त कर सकता है। ज्ञान के बिना हर काम अधूरा है। इसलिए यह जरूरी है कि हम? सभी अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हर रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। मौके पर जलालुद्दीन खान, खालिद अली, आशीष कुमार, अशोक कुमार, शीला सिंह, मिन्ता देवी, पिंकी देवी, शर्मिला, शहनवाज व अन्य मौजूद रहे।

### एसपीओ के नेतृत्व में डेंगू से बचाव के लिए चलाया जाएगा जन-जागरूकता अभियान

# 10 सप्ताह तक हर रविवार को सुबह 10 बजे सिर्फ 10 मिनट के लिए घरों की करें सफाई

**केटी न्यूज/पटना**



स्वास्थ्य विभाग राज्य में पिछले वर्ष के डेंगू के प्रकोप को देखते हुए इस वर्ष सतर्क है। इसलिए चिकित्सकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिले में डेंगू से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत करें। साथ ही राज्य के सभी लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए 10 सप्ताह तक सुबह 10 बजे से लेकर सिर्फ 10 मिनट तक प्रत्येक रविवार को घर के सभी सदस्यों के साथ घर के आसपास की साफ-सफाई करें। जहां भी थोड़ी सी जलजमाव की संभावना है, उसे तत्काल दूर करें। उक्त बातें शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार, अपर निदेशक सह, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम ने कहीं।

उन्होंने कहा कि दरअसल पिछले वर्ष राज्य में और खासकर पटना शहरी क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप काफी अधिक था। डेंगू एडिस एजिप्ट मच्छर के काटने से होता है और इसका प्रजनन साफ और स्थिर पानी में होता है। प्रायः देखा गया है कि शहरी क्षेत्रों में गर्मी के मौसम के बाद कूलर को बाहर निकाल देते हैं, और उनमें जल जमाव हो जाता है। गमलों को भी बरसात में बाहर छोड़ देने पर उनमें भी जलजमाव हो जाता है। ध्यान रखें कि घरों के आसपास कहीं भी थोड़ा भी जलजमाव नहीं हो। यदि कहीं गड्ढा हो तब उसे जहां तक संभव हो भर दें और उसके बाद भी जलजमाव हो तब किरासन तेल का छिड़काव करें। डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि नगर निगम, नगरपालिका अथवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे फॉगिंग में सहयोग करें। सुबह और शाम को फूल बांह का कमीज और फूलपैंट अथवा पायजामा पहने और झारियों अथवा छोटे पौधों के पास न टहलें। मानसून का आगमन हो चुका है। अब बारिश के बाद डेंगू के होने की संभावना ज्यादा है।

उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिला से जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, एक चिकित्सा पदाधिकारी, प्रत्येक मेडिकल कॉलेज से दो चिकित्सक शिक्षकों को एसआईएचएफडब्ल्यू के सभागार में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के एसपीओ की ओर से डेंगू एवं चिकनगुनिया नियंत्रणार्थ, इनके क्लिनिकल मैनेजमेंट के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों एवं मेडिकल कॉलेजों से कुल 85 चिकित्सकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरएमआरआई अगम कुआं, पटना के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक, एनटीडी डॉ. राजेश पांडेय, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पटना के औषधि के सह प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार एवं सिनियर रेजिडेंट डॉ. शुभम भाष्कर ने राज्य के विभिन्न जिलों एवं मेडिकल कॉलेजों से आये चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के राकेश कुमार, संजय कुमार, राजकुमार, उदय कुमार एवं कंसल्टेंट मो. आरीफ अली, कार्यालय लिपिक मनेन्द्र गिरि, एवं कर्मी तरुण, संजय एवं विरेंद्र ने सक्रिय सहयोग दिया।

## पहली सोमवारी आज, शिवालयों में गूंजेगा हर हर महादेव का उद्घोष



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पवित्र सावन महीने की पहली सोमवारी की पूर्व संध्या पर अनुमंडल के शिवालय सज धज कर तैयार हो गए है। अहले सुबह से ही इन शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ेगा। इसको लेकर मंदिर प्रबंधन व अनुमंडल प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर ली गई है। पूर्व संध्या पर ही ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर पर भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा ड्रॉप गेट तथा वाहन पार्किंग स्थल बना लिया गया हैं। वहां दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात है। वही मंदिर समिति के वोलंटियर पूर्व संध्या पर पूरे दिन कई तरह की कवायदों में जुटे रहें।

बता दें कि इस मंदिर में प्रत्येक सोमवारी को लाखों शिवभक्त जलाभिषेक करते हैं। रविवार की शाम से ही कांवरियों को जत्था एनएच 922 पर दिखाई पड़ने लगा था। पूर्व संध्या से ही रेलवे स्टेशनों, बस, स्टैंड तथा एनएच पर बोल बम के नारे सुनाई पड़ रहे थे। इसके अलावे डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर, कचईनियां स्थित कंचनेश्वर शिव मंदिर, बक्सर के गौरीशंकर व नाथ शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। सावन के पूर्व संध्या पर ही पूरा जिला शिवमय बन गया है। भीषण गर्मी के बावजूद बक्सर से गंगाजल लेकर बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर में जलाभिषेक करने वाले कांवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## रोजगारो को समाप्त करना चाहती है केंद्र की मोदी सरकार: कॉ. अशरफुल

**अरवल।** कुर्था प्रखंड के ग्राम निघवा में भाकपा माले के जनसंगठन इंकलाबी नौजवान सभा का एक दिवसीय बैठक संपन्न हुआ। जिसका अध्यक्षता आरवाईए राज्य कमेटी सदस्य कॉ दीपक कुमार ने किया। बैठक एवं यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कॉ. असरफुल होदा उर्फ शाह शाद ने कहा की मोदी सरकार नौजवानों के सपनों पर बुलडोजर चला रही है सलाना 2 करोड़ रोजगार देने के वादे को पूरा करने में विफल रही है और रेल-भेल-सेल और भारत पैट्रोलियम जैसी अनेकों सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में बेचकर रोजगार के अवसरों को खत्म कर रही है। मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो गए। इन 9 सालों में नौजवान किसान महिलाएं छात्र सभी लोग परेशान है। देश देख रहा है कि किस प्रकार महिला पहलवानों के साथ भाजपा की सरकार द्वारा यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिवाद कर रही है, शीर्ष भारतीय महिला पहलवानों को दिल्ली के संसद मार्ग पर पुलिस ने बुरी तरह से सड़क पर गिराकर घसीटा। भाजपा केंद्र सरकार के संरक्षण में मध्यप्रदेश में एक दलित आदिवासी युवाओं को ऊपर पेशाब कर दिया जा रहा है। आज पूरे देश में दलित आदिवासी गरीब मजदूर के ऊपर अत्याचार किया जा रहा है। अत्याचार के खिलाफ पूरे देश में नौजवानों को एकता बद होने की जरूरत है।

## छात्रों से प्रारंभ होकर उनकी समस्याओं के निवारण के लिए एक शक्ति का परिचायक है अभाविप: अभिनंदन

**केटी न्यूज/बक्सर**



रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपना स्थापना दिवस मनाया। जिला मुख्यालय के चरित्रवन रामचबुतरा पर स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें पहले दस स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ ही स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में बांटकर आयोजित की गई। जिसमें दोनों ग्रुप के प्रथम आये प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप साइकिल, स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति पत्र व पेन एवं दूसरा से दसवां स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति पत्र व कलम के साथ ही प्रतियोगिता में शामिल एवं जो भी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया था उसको प्रोत्साहन के तौर पर कलम से सम्मानित किया। इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा प्रदीप कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटू सिंह, पूर्व कार्यकर्ता विवेक सिंह, विभाग सह संयोजक अविनाश पांडेय, कालेज मंत्री पूजा कुमारी, जिला संयोजक अमित केसरी, नगर मंत्री प्रियांशु शुभम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा परिषद गान गाकर किया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज मंत्री अभिनंदन मिश्र ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों से प्रारंभ होकर छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद् के अनुसार छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति होती है। इसका मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करना है। एबीवीपी ने स्थापना काल से ही छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है। परिषद छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संगठनात्मक, आंदोलनात्मक और रचनात्मक तीनों तरह के कार्यक्रम चलाती है।




## एनसीडी सेल ने पहली बार कैंसर की पुष्टि को जांच के लिए भेजा संदिग्ध मरीज का नमूना

**केटी न्यूज/अरवल**



सदर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की एनसीडी सेल ने पहली बार कैंसर की पुष्टि के लिए संदिग्ध मरीज से नमूना संग्रह कर बाहर भेजा। अब नियमित लगाए जा रहे ऐसे कैम्प में संदिग्ध या लक्षण वाले मरीजों की पहचान की जा रही है। शनिवार को गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार जिला अस्पताल के सर्जन डॉ अपर्णा चित्रांश के निर्देशन में होमी भाभा कैन्सर संस्थान की अरवल इकाई ने नमूना संग्रहित किया। फिर नमूने की जांच के लिए बाहर भेजी गई। इकाई के डाक्टर अपर्णा चित्रांश ने बताया कैंसर की पहचान बायोप्सी जांच से होती है। यह महंगी जांच है। लेकिन मरीजों से न्यूनतम 350 रुपए की शुल्क पर यह जांच कराई जा सकती है। बता दें कि घातक गैर संचारी रोग कैंसर की पहचान के लिए पंचायतों में स्क्रीनिंग कैंप लगाई जा रही है। खास बात यह भी है कि प्रारंभिक चरण की इन कैंपों के जरिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तैनात एएनएम को भी स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण जिला अस्पताल में व्यवस्थित की गई है। गैर संचारी रोग में शामिल कैंसर की पहचान करने के लिए भाभा कैंसर रिसर्च सेंटर की इकाई व्यवस्थित की गई है।

बता दें कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो कभी भी किसी को भी हो सकती है। इस बीमारी की चपेट में आने के बाद मरीज को कई तरह के जानलेवा जोखिम सामने आते हैं। शुरूआती दौर में स्क्रीनिंग हो, रोग की पहचान हो जाए तो बीमारी का इलाज किया जा सकता है। जिला इकाई के चिकित्सक डॉक्टर अपर्णा चित्रांश के अनुसार, लाइफस्टाइल में परिवर्तन के चलते कैंसर जैसी घातक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें खराब डाइट बिगड़ते लाइफस्टाइल भी एक कारण है। देशभर में छः तरह के कैंसर अधिक देखे जा रहे हैं। जिनमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, इलेक्टरल कैंसर शामिल है।

